CCE-III-RR/PR/PF/NSR/NSPR(A)/111/7135

**A**

# ಆಗಸ್ಟ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ-3
# AUGUST 2024 EXAMINATION-3

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]

Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]

Total No. of Questions : 38 ]

**CCE RR/PR/PF/ NSR/NSPR FULL SYLLABUS**

Question Paper Serial No.

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 85-H**

**Code No. : 85-H**

## ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ
## Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ/ Hindi Medium )**

**( ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. / ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**( Regular Repeater / Private Repeater / Private Fresh / NSR / NSPR )**

ದಿನಾಂಕ : 06. 08. 2024 ] [ Date : 06. 08. 2024

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-15 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-15 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

**Cut here /ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ**

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय **आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग** को काटकर खोलें **(तीर का अनुसरण करें)। प्रश्नपत्र खोलने के लिए बायें भाग को न काटें।** जाँच करें कि प्रश्नपत्र के सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं।
6. आप यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दिए गए प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) और आपके प्रवेशपत्र में मुद्रित प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) एक ही हो।

यहाँ से काटिए

**06 08. 2024**

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए चार विकल्प दिये गये हैं । उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है । सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें ।** **8 × 1 = 8**

1. केन्द्र में द्वैध शासन का प्रबंधन करने वाला अधिनियम है

   (A) 1773 का रेगुलेटिंग अधिनियम

   (B) 1909 का इंडियन कौंसिल अधिनियम

   (C) 1919 का भारत सरकार अधिनियम

   (D) 1935 का भारत सरकार अधिनियम

2. निम्न में बेमेल है

   (A) एक्सिस

   (B) ट्रिपल अंतात

   (C) ट्रिपल एलायंस

   (D) ब्राउन शर्ट

3. UNO का मुख्यालय स्थित है

(A) पेरिस में

(B) वाशिंगटन डीसी में

(C) न्यूयार्क में

(D) रोम में

4. स्वसहायता समूह की प्रतिष्ठा का उद्देश्य है

(A) नगरीय विकास

(B) स्त्री सशक्तिकरण

(C) औद्योगीकरण

(D) विदेशी व्यापार का प्रोत्साहन

5. भारत में सर्वोच्च बहुद्देशीय नदी घाटी योजना है

(A) भाखरा–नांगल योजना (B) कोशी योजना

(C) दामोदर नदी घाटी योजना (D) तुंगभद्रा योजना

6. भारत के अभ्रक का निर्यात आयतन घट जाता है, क्योंकि

(A) अभ्रक का खान खतम होता जा रहा है

(B) चीन अधिक रूप से अभ्रक उत्पन्न करता है

(C) अभ्रक की स्थानापन्न वस्तु की उपलब्धता

(D) अभ्रक के मूल्य में वृद्धि होने का कारण

7. भारत में हरित क्रांति का जनक है

(A) वर्गिस कुरियन (B) डॉ० नार्मन बोरलाग

(C) हाजी कलीमुल्ला खाँ (D) डॉ० एम० एस० स्वामीनाथन

8. गिरिश ने किसी क्रय के लिए राष्ट्र उपभोक्ता आयोग को एक अभियोग किया है। उसके दावा का मूल्य होना चाहिए

(A) एक करोड़ से अधिक

(B) 20 लाख से एक करोड़ के बीच

(C) 10 लाख से कम

(D) 10 लाख से 20 लाख के बीच

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें :** **8 × 1 = 8**

9. पहला एंग्लो–मराठा युद्ध के अंत में किस समझौता पर हस्ताक्षर हुआ ?

10. 1953 में फजल अली की अध्यक्षता में क्यों आयोग बनाये गये थे ?

11. निःशस्त्रीकरण क्या है ?

12. साइलेंट वैली आंदोलन की शुरुआत ( launch ) क्यों हुई थी ?

13. ''2009 का शिक्षा का अधिकार अधिनियम'' क्यों कार्यान्वित हुआ ?

14. गहन कृषि का क्या प्रयोग है ?

15. भारत में वित्तीय वर्ष की अवधि क्या है ?

16. ''उद्यमिता एक जोखिमपूर्ण ( adventurous ) क्रियाकलाप है ।'' कैसे ?

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर दो से चार वाक्यों / बिंदुओं में दें :** **8 × 2 = 16**

17. आतंकवाद को रोकने हेतु भारत द्वारा किये गये उपायों की सूची बनायें ।

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्य राष्ट्रों के नाम लिखें ।

18. हम बेरोजगारी की समस्या का समाधान कैसे कर सकते हैं ?

**अथवा**

कानूनी उपायों के बिना दहेज का अहित को कैसे दूर कर सकते हैं ?

19. अंग्रेजों को साम्राज्य बढ़ाने हेतु सहायक संधि की नीति कैसे सहायक थी ?

20. स्वतंत्रता के बाद भारत के सम्मुख क्या समस्याएँ थीं ?

21. भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले घटक कौन से हैं ?

22. मृदा अपरदन कृषि उत्पादन को विपरीत रूप से प्रभावित करता है । कैसे ?

23. पंचवर्षीय योजना के उद्देश्यों को स्पष्ट करें ।

24. उद्यमी संवर्धन संगठनों के स्थापन के उद्देश्य क्या हैं ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर छह वाक्यों / बिंदुओं में दें : 9 × 3 = 27**

25. चिक्कदेवराय वोडेयर की उपलब्धियों की सूची बनायें ।

**अथवा**

डॉ० एनी बेसेंट द्वारा समर्थित सुधार क्या हैं ?

26. दूर संवेदी तकनीकी का महत्व स्पष्ट करें ।

**अथवा**

उद्योगों के स्थानीकरण को प्रभावित करने वाले घटकों को स्पष्ट करें ।

27. भारत को सशक्त बनाने के लिए ग्रामीण विकास अत्यावश्यक है । क्यों ?

**अथवा**

आर्थिक स्थिरता बनाने हेतु लोक वित्त एक महत्वपूर्ण उपकरण है । कैसे ?

28. प्रत्येक के जीवन में बैंक के क्रियाकलाप अत्यधिक आवश्यक है । क्यों ? सत्यापित करें ।

**अथवा**

1986 के उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम उपभोक्ताओं को सुरक्षा देती है । कैसे ?

29. डच शक्ति के विरुद्ध संग्राम को मार्तण्ड वर्मा ने कैसे संगठित किया था ?

30. द्वितीय विश्वयुद्ध द्वारा कौन से सामाजिक तथा राजनीतिक ढाँचों में परिवर्तन लाया गया था ?

31. रूस के साथ भारत का संबंध को स्पष्ट करें ।

32. अस्पृश्यता दूर करने में किये गये संवैधानिक तथा कानूनी उपाय क्या हैं ?

33. पिछली रात में बंगाल की खाड़ी में एक अचानक निम्न दाब हुआ । तमिलनाडु सरकार द्वारा कौन से पूर्वोपाय करना चाहिए ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर लगभग आठ वाक्यों / बिंदुओं में दें : 4 × 4 = 16**

34. ब्रिटिश अवधि के दौरान पुलिस तंत्र में किये गये सुधारों को स्पष्ट करें ।

**अथवा**

भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध की विफलता के कारणों को स्पष्ट करें ।

35. भारतीयों के बीच राष्ट्रीय आंदोलन हेतु उत्प्रेरणा में बाल गंगाधर तिलक की निर्णायक भूमिका थी । सत्यापन करें ।

36. हाल के दिनों में स्त्रियों की स्थिति उन्नत हो रही है । सत्यापन करें ।

37. हम वनों का संरक्षण कैसे कर सकते हैं ?

**VI.** 38. **भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें :** **1 + 4 = 5**

a) कर्क रेखा

b) हीराकुड परियोजना

c) गेटवे ऑफ इंडिया

d) कोलार ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 38 के बदले में )**

बहुद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं के मुख्य उद्देश्यों का उल्लेख करें । **5**

DO NOT WRITE ANYTHING HERE